भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +167
सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कोट्टायम में स्थलों के विकास हेतु निधियां

+167. श्री थोमस चाज़िकाडन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत कोट्टायम में स्थलों को विकसित करने के लिए केरल राज्य सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव सूचीबद्ध किया है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त स्थलों के विकास के लिए कोई धनराशि आवंटित की है; और

(घ) यदि हां, तो उपयोग की गई धनराशि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपने स्वदेश दर्शन और तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/केंद्र शासित क्षेत्र प्रशासनों आदि को देश में पर्यटन के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के तहत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों आदि के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने, योजना दिशानिर्देशों का पालन करने और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि के अधीन स्वीकृत की जाती हैं।

स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत कोट्टायम के विकास के लिए कोई निधि आवंटित नहीं की गई है हालांकि पर्यटन मंत्रालय ने केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 5 परियोजनाओं और प्रसाद योजना के तहत 1 परियोजना को स्वीकृत प्रदान की गई है जिसका विवरण संलग्न है।

****

अनुबंध

कोट्टायम में स्थलों के विकास के लिए निधि के संबंध में 29.11.2021 को उत्तर दिए गए लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या +167 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण।

स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा।

(राशि करोड़ में)

क्र.सं.	**परिपथ**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	इको परिपथ	2015-16	पथनमथिट्टा-गावी- वागामोन-थेक्कडी का विकास	76.55	61.24
2.	आध्यात्मिक परिपथ	2016-17	सबरीमाला - एरुमेली - पंपा – सन्निधानम का विकास	99.99	20.00
3.	आध्यात्मिक परिपथ	2016-17	श्रीपद्मनाभ अर्नामुला-सबरीमला का विकास	84.51	73.77
4.	ग्रामीण परिपथ	2018-19	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	80.37	23.77
5.	आध्यात्मिक परिपथ	2018-19	शिवगिरी श्रीनारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम- कुन्नुमपारा श्रीसुब्रह्मण्य- चेम्बजंथी श्रीनारायण गुरुकुलम का विकास	69.47	1.61
प्रसाद					
6.		2016-17	गुरुवायुर मंदिर में विकास	46.14	36.91

****